दिल्ली में वित्तमंत्री सीतारमण से मिले मुख्यमंत्री शिवराज

# अलग से कंपनी बनाकर काम करने पर कैपिटल गेन टैक्स न लगाने की मांग की

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दिल्ली में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मिले।**

इस मुलाकात को लेकर सीएम शिवराज ने कहा कि केंद्र सरकार इतनी प्रैक्टिकल होने के साथ विजनरी भी है कि जब कोई तर्कपूर्ण मुद्दा उठाते हैं तो, राज्य चाहे मध्यप्रदेश हो या कोई अन्य राज्य हो, तत्काल सहयोग मिलता है। शिवराज ने कहा कि मध्यप्रदेश को 1 हजार 55 करोड़ रुपए का इन्सेंटिव इस साल भारत सरकार ने दिया। हमने पब्लिक असेट मैनेजमेंट कंपनी बना के जो पब्लिक असेट थे उनको ठीक से मैनेज किया। ऐसा करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य था। सीएम शिवराज ने कहा कि हमने पब्लिक असेट मैनेजमेंट के लिए एक एसपी भी बनाई है, जब सरकारी कंपनी, सरकारी विभाग जब असेट मैनेज करने का काम करता है तो कैपिटल गेन टैक्स नहीं लगता था। लेकिन अलग से कंपनी बनाकर करते हैं तो, अलग से कैपिटल गेन टैक्स लगता है। इसलिए वित्त मंत्री से आग्रह किया कि, अगर हम अलग से कंपनी बनाकर कर रहे हैं तो भी अपनी नीती के अंतर्गत ही कर रहे हैं। इसलिए, कैपिटल गेन टैक्स ना लगे । सीएम शिवराज ने बताया कि मध्यप्रदेश गेहूं और चावल प्रिक्योर करता है। बाकी चीजें भी प्रिक्योर करके हम भारत सरकार को देते हैं, भारत सरकार के लिए करते हैं। उनके कई क्लेम थे जो सेटल नहीं हुए थे क्योंकि, दो 3 साल लग जाते जब हम खरीद के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से बांट देते हैं। उसके बाद वो सेट होते हैं। इस बात को लेकर केंद्रीय मंत्री पियूष से यह आग्रह किया कि, हमारे लगभग 6000 करोड़ रुपए के कई साल पुराने क्लेम पेंडिंग है और वो दोनों सरकारों में कई बार वहां से बिल भेजते हैं, सेटल करने का चक्कर रहता है तो, उस पे हमारी चर्चा हुई।



# कांग्रेस ने 11 उम्मीदवार बदले,संतोष कंसाना का नामांकन निरस्त हुआ,बेटे को मिला टिकट

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी भोपाल में कांग्रेस ने अपने 11 पार्षद कैंडिडेट्स बदल दिए हैं। भोपाल महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष और वार्ड-29 से कांग्रेस की पार्षद कैंडिडेट संतोष कंसाना का नॉमिनेशन मंगलवार को कलेक्टर अविनाश लवानिया ने ओबीसी सर्टिफिकेट के चलते निरस्त कर दिया था। इसके चलते उनके बेटे देवांशू कंसाना को पार्टी ने टिकट दिया है।**

पूर्व नेता प्रतिपक्ष मो. सगीर भी चुनाव लड़ेंगे। उन्हें वार्ड-41 से टिकट दिया गया है। इधर, वार्ड-28 को लेकर कांग्रेस अब तक पत्ते नहीं खोले हैं। यहां पर कांग्रेस ने कैंडिडेट घोषित नहीं किया है। कांग्रेस ने रात 9 बजे वार्ड- 11, 21, 29, 40, 41, 56, 61, 64, 74, 78 और 80 के कैंडिडेट्स बदल दिए। फेरबदल के चलते वार्ड-29 से संतोष कंसाना की जगह देवांशू कंसाना, वार्ड-40 से अनस-उर्र-रहमान की जगह आबिद मुबारक, वार्ड-41 से मोहम्मद फहीम की जगह मोहम्मद सगीर को टिकट दिया गया है। सगीर टिकट कटने से नाराज चल रहे थे और नॉमिनेशन भी जमा कर चुके हैं। पार्टी ने उन्हें मनाते हुए टिकट दे दिया। वार्ड-56 में राहुल दहिया की जगह राजेशकुमार शुक्ला, वार्ड-61 में सावित्री तिवारी की जग उमा द्विवेदी, वार्ड-64 से शीला ललित सेन की जगह नीलू विपिन चौकसे, वार्ड-74 से कोमल सोनू लोधी की जगह सिंगारबाई लोधी, वार्ड-80 से अन्नू बिट्?टू शर्मा की जगह श्वेता सुखलाल ठाकुर, वार्ड-21 में दीपा गौरव यादव की जगह सुनीता ओमप्रकाश राठौर, वार्ड-11 से राजेंद्र कुशवाह की जगह भरत विश्वकर्मा और वार्ड-78 से राजकुमार झारिया की जगह राजेंद्रप्रसाद चौधरी को टिकट दिया गया है। इससे पहले बीजेपी भी भोपाल में 3 कैंडिडेट्स बदल चुकी है। इन सभी कैंडिडेट्स ने 18 जून तक अपने नामांकन जमा कर दिए थे। पार्टी इन्हें बी फार्म देगी। दो बार की पार्षद संतोष कंसाना का मूल जाति प्रमाण पत्र फरीदाबाद (हरियाणा) का है और यहां माइग्रेशन वाला बना है। जिसे लेकर भाजपा ने आपत्ति की थी। पार्टी का दावा था कि नए नियमों के अनुसार मप्र में ही बना हुआ प्रमाण पत्र वैध होगा।

# राज्य सरकार ने योग आयोग गठन के जारी किए आदेश

भोपाल में स्थापित होगा स्वतंत्र कार्यालय

भोपाल (काप्र)।

राज्य सरकार ने प्रदेश में योग के प्रति जागरूकता, प्रचार-प्रसार और योग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये योग आयोग का गठन किया है। आयोग का एक स्वतंत्र कार्यालय शासकीय योग प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में स्थापित होगा, जिसमें एक सचिव, पदेन निदेशक महर्षि संस्कृत संस्थान, दो मल्टीटॉस्किंग स्टॉफ और आवश्यकतानुसार सुरक्षा एवं साफ-सफाई कर्मी (आउट सोर्सिंग) होंगे। आयोग समय-समय पर आवश्यकतानुसार बाह्य स्त्रोतों से विषय-विशेषज्ञ, व्यावसायिक सेवा एवं सलाहकार सेवा प्राप्त कर सकेगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

योग आयोग का उद्देश्य यह है कि यह प्रशासकीय विभाग द्वारा गठित निकाय होगा, जो योग संबंधी जागरूकता, प्रचार-प्रसार एवं योग शिक्षा को बढ़ावा देगा, ताकि बाल्यावस्था से आजीवन योग जीवन का हिस्सा बन सके।

योग आयोग, योग से संबंधित योजना, योग कार्यक्रमों का क्रियान्वयन एवं समीक्षा करेगा। योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं/व्यक्तियों को सम्मानित करने एवं पुरस्कार के लिये चयन करेगा। आवासीय एवं गैर-आवासीय योग प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा। प्रदेश की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में योग को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिये योग करने हेतु प्रेरित करेगा एवं आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षणों का आयोजन करेगा। आयोग अपनी गतिविधियों का संचालन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के माध्यम से करेगा। आयोग का पंजीयन सोसायटी एक्ट के अंतर्गत किया जायेगा।

# स्वर लहरियाँ जीवन को बनाती हैं सुखदः मुख्यमंत्री

**भोपाल ( काप्र )।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्व संगीत दिवस पर समस्त संगीत प्रेमियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संगीत दिवस पर अपने संदेश में कहा कि संगीत से जीवन दिव्य और अप्रतिम बनता है। स्वर लहरियाँ जीवन को सुखद बनाती हैं। संगीत, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को आत्मा, मनुष्य के मन को पंख और कल्पनाओं को उड़ान प्रदान करता है। संगीत की शक्ति को प्राचीन काल से सभी ने स्वीकारा है। श्री चौहान ने संगीत के माध्यम से मानव जीवन को रूचिकर बनाने वाले सभी संगीत साधकों और वादकों को भी शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी अनेक वाद्य यंत्रों से अपरिचित है। संगीत साधक ऐसे वाद्य यंत्रों के प्रयोग की जानकारी और प्रशिक्षण देकर भावी पीढ़ी तक इस संपदा को हस्तांतरित करने में सहयोग करें।

## मानवता को बचाने के लिए योग जरूरीः मंत्री पटेल

**भोपाल ( काप्र )।** मंत्री कमल पटेल ने कहा है कि मानवता को बचाने के लिये योग जरूरी है। कृषि उपज मंडी प्रांगण हरदा में आयोजित सामूहिक योग दिवस समारोह में मंत्री श्री पटेल ने नागरिकों के साथ योग किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा लिया गया। आज हमारे साथ पूरी दुनिया 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। योग मनुष्य जीवन और मानवता को बचाने के लिये जरूरी हो गया है। इसलिये इस बार योग की थीम मानवता के लिये योग है। मंत्री श्री पटेल ने सभी से निरोग काया के लिये नियमित रूप से योग करने का आहवान किया है।

# गांवों में व्यवहार परिवर्तन संचार लोगों तक पहुचाएं

सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार पर कार्यशाला शुरू

भोपाल (हिनप्र)।



यूनिसेफ के सहयोग से, संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने बदलाव के लिए कॉमिक नामक तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत की, जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता के बिन्दुओं पर जैसे तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, साबुन से हाथ धुलाई एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषयो पर ग्रामो में कॉमिक के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन के बढ़ावा देंगे। कार्यशाला में श्री हीरो ज्ञानचंदानी, प्रबंध निदेशक एसएचआईएम, डॉ. आशीष ठाकुर निदेशक एसएचआईएम एवं प्रोफेसर शालू पांडेय समन्वय) सहित सारे प्राध्यापक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ श्रेष्ठ (मुख्य सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन-यूनिसेफ इंडिया), संजय सिंह एसबीसी विशेषज्ञ- यूनिसेफ इंडिया, झिमली बरुआ एसबीसी विशेषज्ञ- यूनिसेफ मध्य प्रदेश, मोनिका मौर्य एसबीसी विशेषज्ञ- यूनिसेफ मध्य प्रदेश, नागेश पाटीदार वॉश अधिकारी- यूनिसेफ मध्य प्रदेश) एवं श्री साबिर इकबाल बीसीसी विशेषज्ञ राज्य सलाहकार थे। कार्यशाला में, पाटीदार ने एसएलडब्ल्यूएम, हाथ की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के संदर्भ में चर्चा की। सत्र में 200 से अधिक छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की, जो आने वाले समय में समाज में देखे जा सकने वाले परिवर्तन के बारे में उत्साहित हैं और खुद को समाज में परिवर्तन हेतु अपना योगदान देने के विकसित कर रही हैं । कार्यशाला का पहला दिन, सामाजिक मुद्दों पर छात्राओं के लिए दिलचस्प सीख और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सोशल मीडिया के माध्यम से अभिसरण के लक्ष्य के साथ समाप्त हुआ। इस तीन दिवसीय व्यापक कार्यशाला के बाद, छात्राओं का समूह आसपास के गांवों का भी दौरा करेगा और सामुदायिक लामबंदी सहित स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन पर ग्रामीणों के बीच सक्रिय रूप से काम करेगा। सिद्धार्थ श्रेष्ठ, एसबीसी चीफ, यूनिसेफ इंडिया, ने कहा, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर छात्राओं के दृष्टिकोण को समझने के लिए एसएचआईएम में आकर मुझे आनंदित महसूस हुआ। समुदायों में सामाजिक परिवर्तन को लक्षित करने के अनेक माध्यम हैं, लेकिन मैं चाहूंगा कि आप सभी कॉमिक मेकिंग के समकालीन दृष्टिकोण पर ध्यान दें।

कोलार में अवैध क्लीनिक्स पर छापेमारी

# फिजियोथैरेपिस्ट और यूनानी डॉक्टर कर रहे थे एलोपैथी इलाज

**भोपाल( काप्र )।** राजधानी भोपाल में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने कोलार इलाके में अवैध क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग को लगातार शिकायतें मिल रहीं थीं कि कोलार के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध तरीके से बिना अनुमति के क्लीनिक चल रहे हैं। इसके बाद सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर तिवारी ने टीमों का गठन करके इन क्लीनिक्स की जांच कराई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को छापे के दौरान चार क्लीनिक अवैध तरीके से चलते मिले। सीएमएचओ ने इन क्लीनिक के संचालकों पर एफआईआर के लिए कोलार थाना प्रभारी को पत्र लिखा है। कोलार के कजलीखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग की दो सदस्यीय टीम ने छापा मार कार्रवाई की। कोलार सीएचसी के इंचार्ज डॉ.अरविंद टंड़न और सीबीएमओ डॉ.आर कुमार ने बैरागढ़ चीचली, कजलीखेड़ा, राजहर्ष कॉलोनी में संचालित क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने कजलीखेड़ा में हेल्थ केयर क्लीनिक में पहुंचकर जांच पड़ताल की।

इस दौरान क्लीनिक में रवेन्द्र नाम का फिजियोथैरेपिस्ट बिना रजिस्ट्रेशन के इलाज करते हुए मिला। जब टीम ने उससे क्लीनिक का पंजीयन और दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दे पाया। टीम ने क्लीनिक से एलोपैथी दवाएं भी जब्त कीं। स्वास्थ्य विभाग ने रवेन्द्र के खिलाफ अवैध तरीके से इलाज कर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने के मामले में एफआईआर दर्ज करने पत्र लिखा है। कोलार की राजहर्ष कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान आयुष पॉली क्लीनिक बंद मिला। टीम ने जब क्लीनिक की संचालक डॉ.लता झां से रजिस्ट्रेशन मांगा तो वे जवाब नहीं दे पाईं।

## डोबरा और छपरी में नशामुक्ति जागरूकता शिविर

**भोपाल ( काप्र )।** नशे से आजादी पखवाड़े में आज भोपाल शहर एवं हुजूर तहसील के ग्राम डोबरा एवं छपरी में जागरूकता शिविर हुआ। शिविर में लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। प्रदेश में 20 जून से नशे से आजादी पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून तक चलेगा। शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल द्वारा आयोजित इस शिविर में जन-स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जनता को नशे एवं नशीले पदार्थों को छोड़ने की शपथ दिलाई गई।

# बोरवन क्लब ने किया योग



**भोपाल ( हिनप्र )।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय वोरवन क्लब में क्लब अध्यक्ष जगदीश आसवानी व भाजपा संतनगर मंडल व ब्रम्हाकुमारिज की ओर से योग दिवस मनाया गया। सभी ने योग को दिनचर्या बनाने का संकल्प लिया । इस मौके पर भाजपा नेता राहुल राजपूत, राजेश हिंगोरानीए, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश इसरानी, रमेश जन यानी पूर्व पार्षद माखन सिंह राजपूत, सतीश टहेलियानी, क्लब संस्थापक कन्हैयालाल इसरानी, भारती मूलचंदानी ,मंडल उपाध्यक्ष एवं जगदीश आसवानी,उमेश नागर,सुनील दादलानी,अमित कुन्दनी,गुलाब जेठानी व अन्य मौजूद थे।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### शिंदे की बगावत.....

चाहती। उन्होंने कहा कि फिलहाल अविश्वास प्रस्ताव के लिए स्पेशल सेशन बुलाने की स्थिति पैदा नहीं हुई है। 18 जुलाई से सदन का मॉनसून सेशन शुरू हो रहा है। हम उस दौरान इस पर बात करेंगे। यही नहीं भाजपा की ओर से सरकार बनाने के दावे पर पाटिल ने कहा कि अभी तो कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। हम फिलहाल हालात पर नजर बनाए हुए हैं। न ही एकनाथ शिंदे ने हमें कोई प्रस्ताव भेजा है और न भाजपा की ओर से उन्हें कुछ ऑफर किया गया है। इसके साथ ही चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राजनीति में किसी भी वक्त कुछ भी हो सकता है। उद्धव ठाकरे की मीटिंग में शिवसेना के ही 35 विधायकों के न पहुंचने से भाजपा नेता का दावा मजबूत दिखता है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के 106 विधायक हैं और उसे 13 अन्य निर्दलीय नेताओं का समर्थन हासिल है। ऐसे में यदि उसे 26 शिवसेना विधायक सपोर्ट करते हैं तो फिर वह सरकार बनाने के जादुई आंकड़े तक पहुंच सकती है।

### सत्ता के लिए .....

तरफ उद्धव ठाकरे सीएम बन गए और उनके बेटे आदित्य ठाकरे को भी मंत्री पद मिल गया, लेकिन शिवसैनिकों की समस्याओं को सुनने के लिए कोई नेता उपलब्ध नहीं था। ऐसे तमाम मुद्दों पर एकनाथ शिंदे की लीडरशिप से नाराजगी बढ़ती चली गई। कहा यह भी जा रहा है कि एकनाथ शिंदे खुद को सीएम के तौर पर देख रहे थे, लेकिन एनसीपी और कांग्रेस के साथ गठबंधन के अप्रत्याशित तौर पर उद्धव ठाकरे ही सीएम बन गए थे।

**शिंदे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा से वाकिफ नहीं थे:पवार**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि यह कभी नहीं बताया गया कि शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा है। पवार ने विपक्ष की बैठक से पहले मीडियाकर्मियों से कहाकि शिंदे ने हमें कभी नहीं बताया कि वह (महाराष्ट्र का) मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। मुख्यमंत्री का पद शिवसेना का है और यह उस पार्टी का आंतरिक मुद्दा है। हम जल्द ही इस स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता खोज लेंगे। सीएम का पद शिवसेना का है, डिप्टी सीएम एनसीपी का है। शिवसेना जो भी फैसला करेगी, हम उनके साथ हैं।

### एनडीए से द्रौपदी....

हुई। हमलोगों ने विपक्षी दलों से भी रायशुमारी की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। यूपीए ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इस एलान के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि लाखों लोग, विशेष रूप से वे जिन्होंने गरीबी का अनुभव किया है और कठिनाइयों का सामना किया है, द्रौपदी मुर्मू के जीवन से बड़ी ताकत हासिल करते हैं। नीतिगत मामलों की उनकी समझ और दयालु स्वभाव से हमारे देश को बहुत लाभ होगा। आदिवासी समाज से ताल्लुक रखने वालीं द्रौपदी मुर्मू छह साल एक महीने तक झारखंड की राज्यपाल रही हैं। मुर्मू ओडिशा के रायरंगपुर की रहने वाली हैं। मुर्मू का कल ही जन्मदिन था। वो 64 साल की हैं। सूत्रों ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू 25 जून को नामांकन दाखिल कर सकती हैं। बीजेपी ने अपने सभी केंद्रीय मंत्रियों को 24 और 25 जून को दिल्ली में रहने को कहा है।

### सिन्हा के नाम .....

पाई। जानकारों का कहना है कि यशवंत सिन्हा के नाम पर मुहर इसलिए लगाई गई क्योंकि विपक्ष जिनका नाम प्रस्तावित करता था, वे इनकार कर रहे थे। ऐसे में किसी ऐसे चेहरे की जरूरत थी जो कि तैयार भी हो और उसपर विवाद भी न हो। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि यशवंत सिन्हा का समर्थन जेडीयू भी कर सकती है क्योंकि वह बिहार से आते हैं। दो बार ऐसा हो चुका है कि नीतीश कुमार ने लीक से हटकर उम्मीदवार का समर्थन किया है। एनडीए का हिस्सा होते हुए भी उन्होंने प्रणव मुखर्जी का समर्थन किया था। वहीं बात करें पिछले चुनाव की तो उन्होंने रामनाथ कोविंद का समर्थन किया जबकि वह उस समय महागठबंधन का हिस्सा थे।

### प्रदेश में बनेगा....

किया। सीएम ने बताया कि साल 1998 में मेरा एक भयानक एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद मुझे नहीं लगता था कि मैं फिर से चल-फिर भी सकूंगा। मुझे योग के कुछ आसन करने में परेशानियां होती हैं। लेकिन आज आपको लगता नहीं होगा कि मेरा शरीर 8 जगह से टूटा हुआ है। आज मैं 18-18 घंटे काम कर पाता हूं।

### ब्रिक्स शिखर सम्मेलन.....

हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 और 24 जून को चीन द्वारा डिजिटल तरीके से आयोजित 14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसमें 24 जून को अतिथि देशों के साथ वैश्विक घटनाक्रम पर एक उच्च स्तरीय वार्ता भी शामिल है। बयान में कहा गया कि ब्रिक्स सभी विकासशील देशों के लिए सामान्य चिंता के मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने का एक मंच बन गया है। समूह ने नियमित रूप से बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार पर जोर दिया है ताकि इसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला और समावेशी बनाया जा सके।

### राहुल गांधी से.....

पूछताछ के विरोध में लगातार प्रदर्शन कर रही है। इसी के मद्देनजर केंद्रीय जांच एजेंसी कार्यालय के आसपास पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भारी संख्या में तैनात किया गया है और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत पाबंदियां लागू है। राहुल से सोमवार को करीब 12 घंटे तक पूछताछ की गई थी। पिछले सप्ताह सोमवार, मंगलवार और बुधवार को लगातार तीन दिन ईडी के अधिकारियों ने 52 वर्षीय राहुल गांधी से 30 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। इस दौरान धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किये गए थे।

### सीआरपीएफ टीम पर.......

2.30 बजे हुआ। इस हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों की पहचान हो गई है। सीआरपीएफ के मुताबिक यह जवान हैं असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआई) शिशुपाल सिंह, एएसआई शिवलाल और कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है।

# मानवता के लिए योग का संदेश दिया संतनगर ने

भोपाल (हिनप्र)।

**शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल संस्थान के स्कूलों—कॉलेजों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। हजारों विद्यार्थियों ने योग कर स्वस्थ भारत का संदेश दिया। साथ ही दिनचर्या में योग को शामिल करने का संकल्प लिया।**

मिठ्ठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल एवं सीएचआई गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल, संत हिरदाराम नगर गर्ल्स कॉलेज व नैचुरोपैथी कालेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने योग कला का प्रदर्शन किया। कई बच्चों ने विभिन्न बीमारियों के उपचार में भिन्न—भिन्न योग आसनों के प्रयोग से होने वाले लाभों की जानकारी साझा की। वहीं, सोसायटी के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में कहा कि भारत देश की जड़ें पौराणिक युग से ही योग से जुड़ी हुई हैंए भगवान शिव ने योग की उत्पति की थी, जिनको आदि योगी माना जाता है। साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी ऑडिटोरियम में आठवां योग दिवस मनाया गया। शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने कहा कि योग हजारों साल पुरानी परंपरा है और इस परंपरा को बढ़ावा दिया है पीएम नरेंद्र मोदी एवं बाबा रामदेव ने। कार्यक्रम में आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, आरोग्य केन्द्र की डॉ. आरफा ने योग दिवस पर अपने विचार रखे। डॉ. आरिश ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की 12 विधियां और अन्य आसन भी सिखाये। विद्यालय की प्राचार्या वर्षा त्रिपाठी ने भी विचार रखे।

**नवयुवक सभा में योगः** नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं में योग दिवस पर योगासन का आयोजन किया गया। प्राचार्या ज्योति चौहान व प्रधानाचार्या प्रिया धर्मदासानी ने कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यार्थियों को योग का महत्व बताते हुए कहा कि योग हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है इसे हमें दैनिक जीवन में उपयोग करना चाहिए। विद्यालय की शिक्षिका मीरा इसरानी के नेतृत्व में कक्षा नर्सरी से 12वीं के विद्यार्थियों व षिक्षिकों ने योग किया। इस अवसर पर नवयुवक सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**एवीएस गांधीनगर में योगः** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ विद्यालय, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल एवं वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस पर योगासन किया गया।